# ATFX 50% क्रेडिट बोनस प्रमोशन

## नियम एवं शर्तें

जुलाई - सितंबर 2026

## परिचय

सेंट विंसेंट में AT Global Markets LLC सीमित देयता कंपनी है, जिसका कंपनी नंबर 333 LLC 2020 है। रजिस्टर्ड कार्यालय: पहली मंजिल, फर्स्ट सेंट विंसेंट बैंक बिल्डिंग, जेम्स स्ट्रीट, किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस।

"ATFX 50% क्रेडिट बोनस प्रमोशन (यहां आगे **"प्रमोशन"** के रूप में संदर्भित) चलाते हुए ATFX फिलीपींस, मलेशिया, थाईलैंड, ताइवान, सिंगापुर, म्यांमार, इंडोनेशिया और भारत में सभी नए ATFX क्लायंटों को भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। इस प्रमोशन में भाग लेकर, नीचे दिए नियमों और शर्तों (आगे **"शर्तों"** के रूप में संदर्भित) से बाध्य होने के लिए आप सहमत हैं।

## 1. शर्तों की व्याख्या

1.1. इस क्रेडिट प्रमोशन में, निम्नलिखित शब्दों का अर्थ बताया गया है:

इन शर्तों के उद्देश्य से **"अकाउंट"** का अर्थ होगा ATFX के क्लाइंट पोर्टल में निर्दिष्ट ट्रेडिंग अकाउंट। क्लाइंट द्वारा ATFX से ऑपरेट किए जाने वाले ट्रेडिंग अकाउंटों की संख्या चाहे कुछ भी हो, प्रमोशन प्रत्येक कानूनी इकाई या प्राकृतिक व्यक्ति द्वारा प्रमोशन अवधि में ओपन या डिपॉजिट किए जाने वाले केवल पहले अकाउंट पर लागू है।
**"बैलेंस"** का अर्थ होगा वर्तमान क्रेडिट और ओपन ऑर्डर के फ्लोटिंग लाभ के अलावा अकाउंट में मौजूद राशि।
**"फर्स्ट-डे डिपॉजिट"** का अर्थ होगा इन शर्तों को स्वीकार करते हुए क्लाइंट द्वारा किए गए पहले डिपॉजिट (सर्वर समय अनुसार) की तारीख में कुल डिपॉजिट राशि।
**"न्यूनतम डिपॉजिट"** का अर्थ होगा US$500 या उसके बराबर या उससे अधिक की राशि। खंड 2.1 के पात्रता मानदंडों का अनुपालन करने पर सभी अकाउंट ट्रेडिंग के लिए सक्षम और/या स्वीकृत होंगे।
**"प्रमोशन अवधि"** का अर्थ 1 जुलाई, 2026, 00:00 से 30 सितंबर, 2026, 23:59 (सम्मिलित) तक होगा।
**"क्रेडिट बोनस"** का अर्थ होगा उस क्लायंट का क्रेडिट जिसने नियम और शर्तों को स्वीकार कर प्रमोशन में भाग लिया और उसे पाने का पात्र बना। क्लाइंट के ट्रेडिंग अकाउंट की करेंसी के आधार पर प्रमोशन की इन शर्तों के अनुसार **क्रेडिट बोनस** फर्स्ट-डे डिपॉजिट राशि का 50% होगा। क्रेडिट बोनस की अधिकतम राशि US$5,000 है। क्रेडिट बोनस हानि से मुक्त है, पूरी तरह से व्यापार योग्य है, और पात्रता मानदंडों तथा न्यूनतम ट्रेड किए गए लॉट्स की आवश्यकताओं को पूरा करने पर निकाला जा सकता है। फर्स्ट-डे डिपॉजिट पूरा कर ये शर्तें स्वीकार करने पर क्लाइंट अगले कार्य दिवस में क्रेडिट बोनस प्राप्त करेगा।
**"न्यूनतम ट्रेडेड लॉट्स"** का अर्थ होगा क्रेडिट बोनस निकासी के लिए अपेक्षित न्यूनतम ट्रेडिंग वॉल्यूम, जो क्रेडिट बोनस राशि का 20% है। नियम एवं शर्तें स्वीकारने और ट्रेडिंग अकाउंट में क्रेडिट बोनस पाने के 6 माह में क्रेडिट बोनस क्लायंटों को ट्रेडिंग के लिए ट्रेडिंग अकाउंट में उपलब्ध होता है; इस अवधि की समाप्ति पर, क्रेडिट बोनस हटा दिया जाएगा। क्लाइंट ट्रेडिंग अकाउंट में क्रेडिट होने पर ट्रेडिंग लॉट्स की गिनती शुरू होगी।
**"बिजनेस की स्टैंडर्ड शर्तें"** का अर्थ ATFX से क्लायंट की सभी ट्रेडिंग गतिविधियां परिचालित करने वाली क्लायंट और ATFX द्वारा अपनाई शर्तों और नियमों से होगा।

1.2. जिन शब्दों का अर्थ यहाँ परिभाषित न हो, उनका अर्थ **बिजनेस की स्टैंडर्ड शर्तों** में बताए अनुसार होगा।

1.3. जैसा लागू हो यहाँ उल्लिखित समय का अर्थ GMT +8 होगा।

## 2. पात्रता मानदंड

2.1. इस प्रमोशन में भाग लेने और पात्रता के लिए, क्लायंट को:

a. स्टैंडर्ड बिजनेस शर्तों के अनुसार ट्रेड करने की पात्रता और उनसे सहमत होने के लिए, प्रमोशन अवधि में नया ATFX लाइव ट्रेडिंग अकाउंट रजिस्टर करना होगा;
b. इस प्रमोशन में शामिल होने की पात्रता के लिए नए रजिस्टर्ड ATFX लाइव ट्रेडिंग अकाउंट में न्यूनतम US$500 संग्रह से नहीं बल्कि राशि डिपॉजिट करनी होगी।
c. या ऐसा क्लायंट जिसके पास पिछले 6 माह में कोई ट्रेडिंग गतिविधि न करने वाला अकाउंट हो।
d. ट्रेडिंग अकाउंट में क्रेडिट बोनस पाने की तारीख से 6 माह तक क्लायंटों को ट्रेडिंग के लिए क्रेडिट बोनस उपलब्ध रहेगा; उसके बाद क्रेडिट बोनस हटा दिया जाएगा।
e. किसी अन्य प्रमोशन के लिए क्रेडिट संचित नहीं किया जाएगा।
f. यह प्रमोशन केवल नए क्लायंटों के लिए ही लागू है, क्लायंट द्वारा इन शर्तों को एक बार स्वीकारने पर, उसे चाहे क्रेडिट मिले या वह ट्रेडिंग के लिए क्रेडिट का उपयोग करे या न करे, भविष्य में उसी प्रमोशन में भाग लेने का वो पात्र नहीं होगा।
g. नियम और शर्तें स्वीकार करने से पूर्व लेकिन प्रमोशन अवधि में भाग लेने वाले क्लायंटों को ATFX अपना फर्स्ट-डे डिपॉजिट करने देता है।
h. "AT GO मोबाइल ऐप वेलकम ऑफर" को छोड़कर, इस बीच क्लायंट अन्य प्रमोशन अभियानों में भाग नहीं ले सकते।
i. ATFX मानता है कि नया अकाउंट ओपन करने के बाद सभी क्लायंट इस प्रमोशन की शर्तें पढ़ते और स्वीकार करते हैं।

## 3. अवधि

3.1. प्रमोशन अवधि 1 जुलाई, 2026 को 00:00 बजे से शुरू होकर 30 सितंबर, 2026 को 23:59 बजे तक होगी।

## 4. प्रोग्राम की विशिष्ट शर्तें

4.1. केवल CFD, फ़ॉरेक्स, कीमती धातुओं, कमोडिटीज़, इंडेक्स और फ़्यूचर्स (क्रिप्टोकरेंसी CFD, शेयर CFD छोड़कर) पर यह प्रमोशन लागू है।

4.2. प्रमोशन शर्तें केवल MT4 और MT5 स्टैंडर्ड अकाउंटों पर लागू हैं।

4.3. क्लाइंट द्वारा ATFX पर ऑपरेट किए जाने वाले ट्रेडिंग अकाउंटों की संख्या चाहे कुछ भी हो, प्रमोशन केवल एक पहचान के अंतर्गत एक अकाउंट का उपयोग करने वाले क्लाइंटों पर लागू है।

4.4. इस प्रमोशन में भाग लेने के उद्देश्य से अकाउंटों के बीच कोई भी ट्रांसफर डिपॉजिट नहीं माना जाता।

4.5. किसी भी क्लाइंट द्वारा पात्रता मानदंड पूरा करने पर, क्लाइंट के ATFX ट्रेडिंग अकाउंट में लगभग 1 कार्य दिवस में क्रेडिट बोनस जोड़ा जाएगा।

4.6. क्रेडिट बोनस हानि से मुक्त है, पूरी तरह से व्यापार योग्य है, और पात्रता मानदंडों तथा न्यूनतम ट्रेड किए गए लॉट्स की आवश्यकताओं को पूरा करने पर निकाला जा सकता है। अपेक्षित वॉल्यूम तक पहुँचने से पूर्व निकासी या आंतरिक ट्रांसफर करने पर बोनस कैंसल कर दिया जाएगा। इससे वर्तमान पोजीशनें प्रभावित हो सकती हैं और अकाउंट का

परिसमापन (मार्जिन आउट/स्टॉप आउट) हो सकता है। क्लायंटों को नियमों और शर्तों से परिचित होना चाहिए और देखना चाहिए कि निकासी किसी ओपन पोजीशन को नकारात्मक रूप से प्रभावित तो नहीं करेगी, ताकि अनावश्यक नुकसान से बचा जा सके। क्लायंट को अकाउंट पोजीशन मैनेज करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

उदाहरण:

10 जुलाई, 2026 को क्लाइंट A ने US$2,000 का फर्स्ट-डे डिपॉजिट किया, तथा 11 जुलाई, 2026 को US$1,000 क्रेडिट बोनस (फर्स्ट-डे डिपॉजिट का 50% तथा US$5,000 तक) प्राप्त किया।

- अगले कुछ दिनों में क्लाइंट A ने अनेक ट्रेड किए, जिससे 21 जुलाई, 2026 तक 30 लॉट ट्रेड करने पर $500 का लाभ होकर उसका अकाउंट बैलेंस $3,500 हो गया।
- 22 जुलाई, 2026 को क्लाइंट A ने अपने अकाउंट से US$500 की निकासी की, जिससे उसका क्रेडिट बोनस स्वतः कैंसल होकर उसका अकाउंट बैलेंस अपेक्षित $3,000 के बजाय $2,000 रह गया।
    - क्लाइंट का क्रेडिट बोनस स्वतः हटाया गया, क्योंकि उसने बोनस को अपने अकाउंट बैलेंस का हिस्सा बनाने के लिए अपेक्षित 200 लॉट के बजाय 30 लॉट ट्रेड किए।
- ATFX में क्लाइंट A के दो अकाउंट हैं और उसने 22 जुलाई, 2026 को अपने दूसरे अकाउंट में US$500 ट्रांसफर किए, जिससे उसका क्रेडिट बोनस स्वतः कैंसल हो गया।
    - ट्रेडर द्वारा कम से कम 200 लॉट ट्रेड न करने पर किसी अन्य अकाउंट में आंतरिक ट्रांसफर को निकासी मानते हुए, परिणामस्वरूप बोनस कैंसल हो जाएगा।

4.7. क्लाइंट के ट्रेडिंग अकाउंट में इक्विटी क्रेडिट राशि से अधिक होनी चाहिए। इक्विटी के क्रेडिट राशि से कम होने पर, क्रेडिट बोनस स्वत: कैंसल हो जाएगा।

उदाहरण:

प्रमोशन अवधि में क्लाइंट B ने फर्स्ट-डे US$1,000 डिपॉजिट किए और उसे US$500 का क्रेडिट बोनस (फर्स्ट-डे डिपॉजिट राशि का 50% और US$5,000 तक) मिला। ट्रेडिंग के लिए क्लाइंट के पास अब US$1,500 हैं। ट्रेडिंग में क्लाइंट के अकाउंट की इक्विटी US$500 से कम होने पर, परिणामस्वरूप उसका क्रेडिट बोनस स्वत: कैंसल हो जाएगा।

4.8. एक (1) यूनिक IP एड्रेस के लिए सभी पात्र क्लाइंटों को एक रजिस्ट्रेशन की अनुमति है। एक IP से लाइव ट्रेडिंग अकाउंट के अनेक रजिस्ट्रेशन की अनुमति नहीं और न ही उसी व्यक्तिगत विवरण से अनेक रजिस्ट्रेशन की अनुमति है। ऐसी स्थिति में, ATFX के पास ऐसे व्यक्तियों को तुरंत प्रमोशन से बाहर करने का अधिकार सुरक्षित है।

4.9. क्लायंट द्वारा ट्रेडिंग अकाउंट में क्रेडिट बोनस पाने की तारीख से 6 माह बाद अनुरूप क्रेडिट जब्त किया जाएगा और संबंधित क्रेडिट रिफंड नहीं होगा।

4.10. किसी भी क्लायंट द्वारा अपेक्षित न्यूनतम ट्रेडेड लॉट पूरे करने पर, लगभग 7 कार्य दिवसों में क्लायंट के ATFX ट्रेडिंग अकाउंट की बैलेंस राशि में क्रेडिट बोनस जोड़ा जाएगा।

## 5. विविध

5.1. उपर्युक्त लागू शर्तों के संबंध में किसी विवाद और/या गलत बयानी होने पर, ATFX द्वारा सद्भावनापूर्वक और अपने एकमात्र और पूर्ण विवेकानुसार उचित समझे जाने पर ऐसे विवाद और/या गलत बयानी का समाधान होगा। विवाद

की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार ATFX के पास सुरक्षित है, जो बाध्यकारी होगा।

5.2. वर्तमान शर्तें स्वीकार करने वाले किसी भी ऐसे क्लाइंट को अयोग्य घोषित करने का अधिकार ATFX के पास है, यदि: (a) इन शर्तों और/या बिजनेस की स्टैंडर्ड शर्तों में किसी शर्त का उल्लंघन होता है; (b) इस प्रमोशन के वैध दुरुपयोग मानने का ATFX के पास उचित आधार हो; (c) क्लाइंट का कार्य बदनीयत और/या अपमानजनक और/या धोखाधड़ी से और/या ऐसे तरीके से हो जो इस प्रमोशन और इसकी लागू शर्तों के अनुरूप न हो;

5.3. लगभग एक ही समय में अलग-अलग ट्रेडिंग अकाउंटों में समान करेंसी युग्म से बड़ी मात्रा में विपरीत ऑर्डर ओपन करना, साथ ही गारंटीड लाभ पाने के लिए कोटेशन प्रवाह में विफलताओं का उपयोग या कोई अन्य प्रकार की धोखाधड़ी अयोग्यता के कारणों में शामिल होगी। इस बोनस प्रमोशन अकाउंट में क्रेडिट बोनस मूल्य जनरेट करने के लिए 3 मिनट के बराबर या उससे कम अवधि का राउंड टर्न ट्रेड भी अमान्य माना जाएगा।

5.4. ATFX के नियंत्रण से परे असाधारण परिस्थितियों (प्राकृतिक आपदाएं, राजनीतिक संघर्ष, आदि) में इसकी निरंतरता असंभव होने पर, अपने पूर्ण विवेक पर ये शर्तों बदलने और प्रमोशन को सस्पेंड और/या समाप्त करने का ATFX को अधिकार है।

5.5. वर्तमान शर्तें स्वीकार कर, क्लायंट स्वीकार करता है कि इन शर्तों से-साथ बिजनेस की स्टैंडर्ड शर्तों के साथ बिजनेस के अन्य सभी व्यावसायिक नियम और शर्तें उसने पढ़ ली हैं और उनसे बाध्य होने को सहमत है क्योंकि ये समय-समय पर लागू और/या संशोधित हो सकते हैं।

5.6. इस डॉक्यूमेंट की अनुवादित भाषा के बावजूद, दोनों भाषाओं में किसी भी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी कथन ही बाध्यकारी वर्शन होगा।